कोटा मैराथन में राजस्थान पुलिस अकादमी के दल का शानदार प्रदर्शन

नागरिकों के **स्वास्थ्य जागरुकता** को प्रौन्नत करने की थीम पर दिनांक 19.02.2017 को कोटा में आयोजित की गई **''कोटा मैराथन''** में राजस्थान पुलिस अकादमी के दल ने जयपुर मैराथन के अपने प्रदर्षन को दोहराते हुए दो स्वर्ण सहित कुल चार पदक जीत कर अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया।

''हार्टवाईज संस्था'' के द्वारा आयोजित इस मैराथन को श्री ओम बिड़ला, सांसद कोटा, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री राजीव दासोत तथा अन्य विशिष्ठ अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर शुरुआत की। राजस्थान पुलिस अकादमी के दल ने नाईजीरिया सहित देश–विदेश के हजारों धावकों के बीच इस मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया।

सर्विस वर्ग (पुरूष वर्ग) में प्रशिक्षु कानि0 श्री रामपाल एवं महिला वर्ग में प्रशिक्षु महिला कानि0 कुसमा कवंर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पारितोषिक के रूप में क्रमशः 10,000/ की राशि प्राप्त की। श्रीमती रीनू जाट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 5,000/ का पारितोषिक प्राप्त किया। पुरूष वर्ग 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (ओपन केटेगरी) में संस्था के प्रशिक्षक श्री जितेन्द्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 1,000/ का पारितोषिक प्राप्त कर अकादमी द्वारा दिये जा रहे सघन शारीरिक प्रशिक्षण की सार्थकता को सिद्ध किया।

राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हे अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने का मार्गदर्शन दिया, मैराथन में भाग लेने वाले अन्य प्रतिभागियों को निराश न होने तथा भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी एवं विजेताओं को प्रशंसा–पत्र मय नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की। उन्होंने डॉ. साकेत गोयल तथा हार्टवाईज संस्था को भी इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी।